आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

विमान दुर्घटना

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया कि जांच अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप की जाएगी। नायडू ने बताया कि सरकार इस मामले की विस्तृत जांच के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की समिति गठित कर रही है। यह समिति उडान सुरक्षा मजबूत करने और भविष्य में ऐसे हादसे रोकने के उपायों पर विचार करेगी। एयर इंडिया ने अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान की दुर्घटना में 2 सौ 41 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। विमान कल अहमदाबाद हवाई अड्डे से उडान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में 2 सौ 42 यात्री और चालक दल के सदस्यों सवार थे। रमेश विश्वास कुमार नाम के एक यात्री इस हादसे में सुरक्षित बच गया, जो भारतीय मूल का ब्रिटिश नागरिक है और उसका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस बीच गृह मंत्री अमित शाह ने दुर्घटना स्थल का दौरा कर राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक की। उन्होंने पुष्टि की कि नागर विमानन मंत्रालय ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए औपचारिक जांच शुरू कर दी है।

*घटना से पूरा देश क्षुब्ध है और पूरा देश एक साथ पूर्ण संवेदनाएं के साथ जो दुर्भाग्यपूर्ण हादसें में पैंसेन्जर हताहत हुए इनके परिजनों के साथ खड़ा है सबसे पहले में भारत सरकार, गुजरात सरकार, प्रधानमंत्री जी जो लोग हताहता हुए है इनके परिजनों प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। एवेएशन डिमार्टमेंट ने अपनी जांच शुरू कर दी है और जांच तेजी से आगे बढ़े इस के लिए भी एविऐशन मंत्री जी ने सूचनाएं दी है।*

पीएम – गुजरात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल का दौरा किया और एयर इंडिया विमान दुर्घटना में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। मोदी ने विमान दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया।

विमान दुर्घटना–भाजपा

इस बीच अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना के कारण प्रदेश भाजपा ने अपने सभी कार्यक्रम आज भी रद्द करने का निर्णय लिया है। भाजपा ने कल 14 जून से अपने कार्यक्रम को यथावत जारी रखने का फैसला लिया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल शिमला में वर्चुअल माध्यम से कागड़ा जिला के धर्मशाला व विभिन्न उपमंडलों में निर्माणाधीन व प्रस्तावित परियोजनाओं के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने धर्मशाला में एकता मॉल के निर्माण से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 'एक ज़िला–एक उत्पाद' महत्त्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ज़िले में एक विशिष्ट उत्पाद को बढ़ावा देना है। उन्होंने अधिकारियों को परियोजनाओं के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जबकि उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

अभियान

केंद्र सरकार द्वारा आकांक्षी जिला चम्बा में किसानों की आय दोगुणी कर उन्हें समृद्ध बनाने के लिए चलाया गया विकसित कृषि संकल्प अभियान संपन्न हो गया। 15 दिनों तक चले इस अभियान में जिला के 4 सौ 50 गांव तक पहुंचकर करीब 13 हजार किसानों से सीधा संवाद कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों व अन्य विभागीय अधिकारियों ने किया। इस दौरान किसानों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र चम्बा के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस अभियान के दौरान जिला के दूरदराज कुगति व होली जैसे गांव तक भी उनकी टीमें पहुंची हैं।

*इस कार्यक्रम का हमारा मुख्य उद्देश्य यह रहा कि हम किसानों को उनकी लेटिस्ट टेक्लॉजीज के बारे में हर प्रकार की जानकारी किसानों के साथ साझा की गई जो परन्तु इसमें जो सबसे ज्यादा हमारे को सहायता मिली वह हमें कृषि डिप्यूटी डारेक्टर एग्रीकच्लर चम्बा, डिप्यूटी हॉलटीकल्चर चम्बा, और साथ ही साथ आत्मा तथा फोरेस्ट डिमाटमेंट से भी काफी सहयोग मिला आज के कार्यक्रम में जो उपस्थिति रही वह लगभग 200 के करीब थी और साथ ही साथ जो पूरा 15 दिनों का अभियान था इस अभियान के दौरान हमने साढ़े चार सौ के करीब गांवों को कवर किया।*

दुर्घटना

कुल्लू ज़िला में कुल्लू–भेखली संपर्क मार्ग पर बीती रात एक वाहन के दुर्घटना ग्रस्त होने से उसमे सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान 21 वर्षीय बालकृष्ण व 18 वर्षीय आशीष के रूप में हुई है। घायलों को कुल्लू अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है व दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

विकसित भारत

देश भर में 29 मई से 12 जून तक चलाया गया विकसित कृषि संकल्प अभियान सम्मपन हो गया। कृषि सचिव सी.पाल. रासू ने कहा कि इस पूरे अभियान के दौरान प्रदेश के दो लाख से अधिक किसानों ने इसका लाभ उठाया।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाएं हुए है। प्रदेश के अधिकांश भागों के अधिकतम तापमान मे बढ़ौतरी का क्रम लगातार जारी है। राज्य के मैदानी जिलों में लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मैदानी जिलों मे अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने हिमाचल के कुछ क्षेत्रों में गर्म हवाएं के चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने सभी नागरिकों से सतर्क रहने तथा लू से बचने के लिए सावधानियां बरतने का आग्रह किया है। मौसम विभाग ने 15 जून से प्रदेश के कई क्षेत्रों में बारिश के आसार जताएं हैं।

——————————